भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 3172
गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## एसएएससीआई योजना

**3172 श्री संजय सेठ:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूंजी निवेश के लिए राज्य को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत परियोजनाओं के प्रमुख फोकस क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) एसएएससीआई के अंतर्गत 23 राज्यों में स्वीकृत, 40 परियोजनाओं का विस्तृत ब्यौरा क्या है और उनके स्थान और उद्देश्य क्या हैं, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में;

(ग) अवसंरचना विकास बनाम प्रोत्साहन गतिविधियों के लिए आवंटित कुल 3,295.76 करोड़ रुपये के बजट के प्रतिशत का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इन परियोजनाओं के अंतर्गत विरासत, धार्मिक या साहसिक पर्यटन के लिए कोई विशेष पहल की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ड.): भारत सरकार ने चालू वित्त वर्ष अर्थात वर्ष 2024-25 के दौरान 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के तहत दो परियोजनाएं शामिल हैं, जिनमें विरासत, धार्मिक और साहसिक पर्यटन आदि से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।

यद्यपि, इस योजना के अंतर्गत संवर्धनात्मक कार्यकलाप करने के लिए कोई विशिष्ट धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है, तथापि, इस योजना के भाग के रूप में स्वीकृत घटकों में वे घटक शामिल हैं जो परियोजना स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं के विकास से संबंधित हैं। राज्यों को परियोजनाओं के प्रचालन और प्रबंधन करने तथा पर्यटकों के बीच इनका संवर्धन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

एसएएससीआई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

*****

**अनुबंध**

श्री संजय सेठ द्वारा एसएएससीआई योजना के संबंध में दिनांक 27.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3172 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

**पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस को बढ़ाना | 77.91 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | अखंड गोदावरी - (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट), राजमहेंद्रवरम | 94.44 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | पासीघाट में सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट | 46.48 |
| 4. | असम | गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान, | 97.12 |
| 5. | असम | शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 |
| 6. | बिहार | सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास | 97.61 |
| 7. | बिहार | करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब | 49.51 |
| 8. | छत्तीसगढ़ | रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास | 95.79 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | रायपुर में जनजातीय एवं सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास | 51.87 |
| 10. | गोवा | पोंडा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय | 97.46 |
| 11. | गोवा | पोरवोरिम में टाउनस्क्वायर, | 90.74 |
| 12. | गुजरात | केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको पर्यटन गंतव्य | 99.50 |
| 13. | गुजरात | धोर्डो में टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर | 51.56 |
| 14. | झारखंड | कोडरमा में तिलैया का इको पर्यटन विकास | 34.87 |
| 15. | कर्नाटक | बेंगलुरु में रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र | 99.17 |
| 16. | कर्नाटक | बेलगावी में सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास | 100.00 |
| 17. | केरल | कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र | 59.71 |
| 18. | केरल | सरगालया में मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे | 95.34 |
| 19. | मध्य प्रदेश | ओरछा में एक मध्यकालीन वैभव, ओरछा | 99.92 |
| 20. | मध्य प्रदेश | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 |
| 21. | महाराष्ट्र | आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान | 46.91 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | और पनडुब्बी पर्यटन, सिंधुदुर्ग | |
| 22. | महाराष्ट्र | नासिक में "राम-काल पथ" का विकास | 99.14 |
| 23. | मणिपुर | लोकटक में लोकटक झील अनुभव | 89.48 |
| 24. | मेघालय | मावखानू में एमआईसीई अवसंरचना | 99.27 |
| 25. | मेघालय | शिलांग में उमियम झील का पुनर्विकास | 99.27 |
| 26. | ओडिशा | हीराकुंड का विकास | 99.90 |
| 27. | ओडिशा | सतकोसिया का विकास | 99.99 |
| 28. | पंजाब | एसबीएस नगर में खटकर कला पर शहिदे-ए-आज़म सरदार भगत सिंह को श्रृंधाजंली के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास | 53.45 |
| 29. | राजस्थान | जयपुर में आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास | 49.31 |
| 30. | राजस्थान | जयपुर में जल महल का विकास | 96.61 |
| 31. | सिक्किम | भालेढुंगा, यांगांग, नामची में स्काईवॉक | 97.37 |
| 32. | सिक्किम | नाथुला में सीमा का अनुभव | 68.19 |
| 33. | तमिलनाडु | मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास | 99.67 |
| 34. | तमिलनाडु | देवला में फूलों का बगीचा | 70.23 |
| 35. | तेलंगाना | रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ | 73.74 |
| 36. | तेलंगाना | नल्लामाला में सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट | 68.10 |
| 37. | त्रिपुरा | बंडुआर, गोमती में शक्ति पीठ पार्क | 97.70 |
| 38. | उत्तर प्रदेश | जिला आगरा में बटेश्वर का विकास | 74.05 |
| 39. | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 |
| 40. | उत्तराखंड | प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन | 100.00 |
| **कुल** | | | **3295.76** |

*****